प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

पहलगाम हमला

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। पाकिस्तान के साथ 1960 का सिंधु जल समझौता रोक दिया गया है और तत्काल प्रभाव से अटारी एकीकृत सीमा चौकी बंद कर दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर कल शाम हुई सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गयी और सभी सुरक्षा बलों को कड़ी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये।

बैठक के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि सार्क वीजा छूट योजना के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत आने की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्हें पहले से जारी वीज़ा रद्द माने जाएंगे। इस वीज़ा के तहत भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। विदेश सचिव ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को एक सप्ताह के अंदर भारत छोड़ना होगा। भारत भी अपने रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से वापस बुला लेगा। विदेश सचिव ने कहा कि पहली मई तक उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 से कम कर 30 की जाएगी।

प्रदेश बंद

इधर पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में आज प्रदेश में व्यापारिक प्रतिष्ठानों को दोपहर तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। राजधानी शिमला में भी कारोबारियों ने दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखने का फैसला लिया है। प्रदेश व्यापार मंडल के राज्य अध्यक्ष सुमेश शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

कांग्रेस रैली स्थगित

पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनज़र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 26 अप्रैल को शिमला में प्रस्तावित संविधान बचाव रैली को स्थगित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले व इसमें मारे गए निर्दोष लोगों के सम्मान में संविधान बचाव रैली को स्थगित किया गया है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे देश की सभी ग्राम सभाओं को भी संबोधित करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सरकार की पूरी भागीदारी के साथ प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण और शहरी तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना—राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता राशि भी वितरित की जाएगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार—2025 भी प्रदान करेंगे। इधर प्रदेश में भी पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव और पंचायतों की मजबूती ही देश व प्रदेश की प्रगति का वास्तविक आधार हैं।

चंबा मेडिकल कॉलेज

चंबा मेडिकल कॉलेज में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन प्लांट में सेवाएं दे रहे आउटसोर्स ऑपरेटरों को पिछले तीन महीने से वेतन न मिलने और सेवा विस्तार न देने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में इन ऑपरेटरों ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल से मुलाक़ात की और उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

वहीं इस बारे में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट ऑपरेटर अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिले हैं और जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

विश्व टीकाकरण सप्ताह

विश्व स्वास्थ्य संगठन का विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025 आज से शुरू होगा। सभी देशों में यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येंक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य टीकाकरण की जीवन रक्षक क्षमता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम है सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव हो। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि पिछले 50 वर्षों में, आवश्यक टीकों ने कम से कम 15 करोड़ 40 लाख लोगों की जान बचाई है।